रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2655] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 10, 2015/अग्रहायण 19, 1937
No. 2655] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 10, 2015/AGRAHAYANA 19, 1937

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर, 2015

का.आ. 3341(अ).— निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

2. ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, आक्षेप या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा।

प्रारूप अधिसूचना

नालसरोवर पक्षी अभयारण्य गुजरात के अहमदाबाद और सुरेन्द्रनगर जिले में स्थित है और 120 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।

और यह अभयारण्य देश के सबसे बड़े प्राकृतिक नमभूमियों में से एक है, जिसका विस्तार वर्षा पर निर्भर करता है और जिसकी अधिकतम गहराई बाढ के समय लगभग 1.5-2.0 मीटर होती है ;

और इस अभयारण्य में पानी मुख्यत: दो नदियों अर्थात् ब्राहमिणी और भोगावों से प्राप्त होता हैं, साथ ही इसमें पानी 3000 वर्ग किनोमीटर में फैले आवाह क्षेत्र से भी आता है जिसमें गांधी नगर जिले का कालोल तालुका, मेहसाणा जिले का कादी तालुका और अहमदाबाद जिले का सनसाद, वीरामगम तथा बखला तालुका और सुरेन्द्रनगर जिले का लाखतर एवं लिमडी तालुका शामिल हैं ;

और नालसरोवर अभयारण्य में विविध प्रकार के पर्यावास हैं अर्थात् खुले जल क्षेत्र, दलदल, नरकट-तल और द्वीप समूह-इस अभयारण्य में 300 से भी अधिक द्वीप हैं जो पानी के स्तर के नीचे जाने पर दिखाई पड़ते हैं;

और नालसरोवर अभयारण्य में विविध प्रकार के अनेक पर्यावास होने के कारण यहां पक्षियों की 226 प्रजातियां, सारस क्रेन, इंडियन स्किमर, एशियाई जंगली गधे और भेडिये जैसे पक्षियों तथा स्तनधारियों की वैश्विक रूप से संकटग्रस्त प्रजातियों सहित मछली की 20 प्रजातियां और स्तनधारियों की 13 प्रजातियां विद्यमान हैं ;

और इस अभयारण्य में शैवाल की लगभग 50 प्रजातियां तथा फूलदार पौधों के 72 से भी अधिक प्रकारों सहित प्रचुर संख्या में जलीय वनस्पति विद्यमान हैं;

और इस अभयारण्य में ग्रीब्स, पेलिकन, बतख एवं कलहंस, रेल, कूट, क्रेक, जकाना, जलकौबा, बगुला, एग्रेट बिटर्न, स्टॉर्क, बुज्जा, स्पूनबिल फ्लेमिंगों, क्रेन, वाडर, शोरबर्ड, गल, टर्न किंगफिशर, वैगटेल पिपिट, गरूड़, हैरियर जैसी प्रवासी और स्थानीय पक्षी प्रजातियों सहित अनेक जल पक्षियों का पोषण होता है।

और अपने बड़े आकार और उल्लेखनीय प्रजाति प्रचुरता के साथ-साथ जलीय पक्षियों की बहुतायत के कारण नालसरोवर पक्षी अभयाण्य को रामसर कन्वेंशन के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की नमभूमि के रूप में मान्यता देकर इसे रामसर स्थल के रूप में निर्दिष्ट किया गया है ;

और, पारिस्थितिकीय और पर्यावरणीय दृष्टि से पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के रूप में नालसरोवर पक्षी अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, को संरक्षित और सुरक्षित करना आवश्यक है तथा उक्त पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में उद्योगों के प्रचालन या प्रसंस्करण या उद्योगों के वर्गों का प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गुजरात में नालसरोवर पक्षी अभयारण्य की सीमा 2.35 किलोमीटर से 13 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को नालसरोवर पक्षी अभयारण्य पारिस्थितिकीय संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकीय संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :—

1. पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं—(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन अहमदाबाद और सुरेन्द्रनगर जिले में स्थित है।

(2) अभयारण्य की सीमा से पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार 2.35 से 13 किलोमीटर तक है।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध I** के रूप में उपाबद्ध है और अक्षांश और देशांतर के साथ-साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का मानचित्र **उपाबंध II** के रूप में उपाबद्ध है।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध III** के रूप में उपाबद्ध है।

(5) राज्य सरकार द्वारा आगे आंचलिक महायोजना तैयार करते समय **उपाबंध III** में दिए गए ग्रामों की सूची पर पुनर्विचार और पुष्ट किया जाएगा।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना –(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) उक्त योजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना, राज्य सरकार द्वारा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप में ऐसी रीति में तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य में भी तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी।

(4) आंचलिक महायोजना, इसमें पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;
(ii) वन और वन्यजीव;
(iii) कृषि;
(iv) राजस्व;
(v) शहरी विकास;
(vi) पर्यटन;
(vii) ग्रामीण विकास ;
(viii) सिंचाई और खाद्य नियंत्रण ;
(ix) नगरपालिक;

(x) पंचायती राज ;
(xi) लोक निर्माण विभाग।

(5) महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हों और आंचलिक महायोजना में सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में दक्षता और पारिस्थितिकीय अनुकूलता का संवर्धन करेगी।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिनपर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, जनजातीय क्षेत्र, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास के पारिस्थितिक अनुकूल विकास और स्थानीय समुदायों की आजीविका को सुनिश्चित करते हुए विनियमित होगी।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :—

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए हैं। पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, के अधीन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन क्रम सं. 17, 21, 26 और 28 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा और सुदृढ़ बनाना तथा नई सड़कों का सन्निर्माण;
(ii) प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योग,
(iii) वर्षा जल संचयन, और
(iv) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग, सुविधा भंडार और स्थानीय सुख-सुविधाएं हैं :

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में पाई जाने वाली कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी :

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि हरित क्षेत्र जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल-स्रोत** —आंचलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनर्नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे।

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे, जो आंचलिक महायोजना का भाग रूप होंगे।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, गुजरात सरकार द्वारा पर्यावरण और वन विभाग, गुजरात सरकार के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गनिदेशों तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारि-पर्यटन मार्गनिदेशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा जिसमें पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व दिया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा ;

(ii) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटक क्रियाकलापों के संबंध में अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय नालसरोवर पक्षी अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर भीतर होटल और रिसोर्टों का नया संनिर्माण अनुज्ञात नहीं होगा;

परंतु संरक्षित क्षेत्रों की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकीय संवेदी जोन की सीमा तक नए होटल और रिसार्ट के स्थापन पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकीय पर्यटन सुविधा के लिए पूर्व परिभाषित और विनिर्दिष्ट स्थान में ही अनुज्ञात किया जाएगा ;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाओं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें परिरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाई जाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों और अहातों की पहचान की जाएगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार की जाएंगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएंगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण**— पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग के अनुसार वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग के अनुसार वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट—**ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ), तारीख 25 सितंबर, 2000 को प्रकाशित नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ख) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(ग) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(घ) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भस्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.आ.630 (अ) तारीख 20 जुलाई, 1998 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(11) **यानीय परिवहन** - परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(12) **औद्योगिक इर्काइयां** —(क) विधि के अनुसार स्थापित काष्ठ आधारित विद्यमान उद्योगों के सिवाय प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किसी नए काष्ठ आधारित उद्योगों को स्थापित करने की अनुज्ञा नहीं होगी।

(ख) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले किसी नए उद्योग को स्थापित करने की अनुज्ञा नहीं होगी।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :—

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप :	
(1)	नालसरोवर पक्षी अभयारण्य में जल के बहाव का अवरोध।	नालसरोवर पक्षी अभयारण्य में जल के बहाव को पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किसी भी माध्यम से रोका, विपथित या अवरोधित नहीं किया जाएगा।
(2)	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4.8.2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21.04.2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा।
(3)	आरा मशीनों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मशीनों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
(4)	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किसी नए और प्रदूषण कारित करने वाले विद्यमान उद्योगों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
(5)	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना।	पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के आवास के सिवाय वन्यजीव अभयारण्य के भीतर नए होटलों और विश्रामस्थलों के सन्निर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ; परंतु संरक्षित क्षेत्र की सीमा से आगे पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा तक, पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधा की दृष्टि से केवल पूर्वपरिभाषित और विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में नए होटलों और रिसोर्टों का स्थापन अनुज्ञात होगा;
(6)	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(7)	नए बृहत थर्मल और जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।

(8)	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(9)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(10)	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना को तत्काल प्रभाव से अनुज्ञात नहीं किया जाएगा :
(11)	प्लास्टिक के थैलों का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
	विनियमित क्रियाकलाप	
(12)	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई, संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी।
(13)	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है।	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए ही जल का सतही और भूमिगत जल निष्कर्षण अनुज्ञात होगा। (ख) औद्योगिक या वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल के निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकारी से पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिमाण में वह निष्कर्षण करेगा, भी है। (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा। (घ) किसी भी स्रोत से, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, जल के संदूषण या प्रदूषण को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।
(14)	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण।	भूमिगत केबल को बढ़ावा देना। 11 के.वी. और अधिक के किसी शीर्ष ऊपरी पारेषण लाइनों की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।
(15)	पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(16)	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना।	यथा लागू उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनीकरण उपायों के साथ किया जाएगा।
(17)	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
(18)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण।	(क) नदी के दोनों ओर 100 मीटर के भीतर प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण प्रतिसिद्ध होगा। तथापि, अन्य मामलों में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण और ठोस अपशिष्ट का निपटान लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे। (ख) उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रीकरण को प्रोजेक्ट किया जाएगा और मैले या ठोस अपशिष्ट के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का पालन किया जाएगा।
(19)	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(20)	प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में देशीय माल से उत्पादों का उत्पादन करने वाले गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित ऐसे उद्योग जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात किए जाएंगे।
(21)	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) स्थानीय लोगों को सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से अपने रिहायसी उपयोग के लिए पारिस्थितिक संवेदी जोन में जीएएमटीएल/ग्राम भूमि या फार्म भूमि में अपने मकान और पम्प हाउस बनाने की जहां कहीं लागू हो निम्नलिखित रीति से अनुज्ञा दी जाएगी : स्थानीय लोग अपने मकान, भूमि तल और दो तल की ऊंचाई तक बना सकते हैं किंतु आवरित क्षेत्र कुल भूमि क्षेत्र के 30 प्रतिशित से अधिक न हो। (ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन में कोई वाणिज्यिक निर्माण नहीं किया

		जाएगा : परंतु यह और कि मद सं. 26 और 29 पर वर्णित स्तम्भ (2) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों से संबंधित निर्माण की अनुज्ञा दी जाएगी : परंतु यह भी कि मद सं. 21 पर वर्णित स्तम्भ (2) में सूचीबद्ध क्रियाकलाप से संबंधि निर्माण को विनियमित किया जाएगा और न्यूनतम तक रखा जाएगा । (ग) सभी संनिर्माण क्रियाकलाप लागू विधियों और प्रवृत्त विनियमों के अधीन होंगे ।
(22)	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(23)	वायु और यानिक प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
संवर्धित क्रियाकलाप :		
(24)	डेयरी, डेयरी उद्योग, एक्वाकल्चर और मत्स्य उद्योग के साथ स्थानीय समुदायों द्वारा चलाई जा रही कृषि और बागवानी गतिविधियां ।	लागू विधियों के अधीन अनुमत ।
(25)	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
(26)	जैविक खेती ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
(27)	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
(28)	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
(29)	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	बायो गैस, सौर लाईट आदि को बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, असम राज्य के अंतर्गत आने वाले पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति गठित करती है जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(i) कलक्टर, सुरेन्द्रनगर - अध्यक्ष ;

(ii) कलक्टर का प्रतिनिधि, अहमदाबाद – सदस्य ;

(iii) गुजरात सरकार के पर्यावन और वन विभाग का प्रतिनिधि – सदस्य ;

(iv) क्षेत्रीय अधिकारी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड – सदस्य ;

(v) गैर सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि, (जो पर्यावरण और विरासत संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है) जिसे गुजरात सरकार द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाएगा – सदस्य ;

(vi) गुजरात सरकार के संस्थान और विश्वविद्यालय के पारिस्थितिकी/वन्यजीव/ पछियों के एक विशेषज्ञ गुजरात सरकार द्वारा (प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए) नामनिर्दिष्ट किया जाएगा – सदस्य ;

(vii) उप वन संरक्षक, (अभयारण्य का भारसाधक), नालसरोवर पक्षी अभयारण्य - सदस्य-सचिव ।

(2) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी के स्तम्भ (3) में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संबंधित उद्यान का भारसाधक, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप में उक्त वर्ष के 30 जून तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे।

6. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेगी ।

7. इस अधिसूचना के उपबंध, माननीय भारत के उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित किसी आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे।

[फा. सं. 25/89/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

प्रस्तावित पारिस्थितिकीय संवेदी जोन की सीमाओं का विवरण

उत्तर	:	अहमदाबाद जिले के विरंगम तालुका में शाहपुर गांव सुरेन्द्रनगर जिले के लिमडी तालुका में नानीकाथेची गांव
दक्षिण	:	सुरेन्द्रनगर जिले के लिमडी तालुका में दिग्विजयगढ़ गांव अहमदाबाद जिले के बावला तालुका में मिठापुर गांव
पूर्व	:	अहमदाबाद जिले के विरमगम तालुका के कायला और विकारिया गांव की सीमाएं तथा बावला तालुका के मेनी, धुरगी और सिएल गांव की सीमाएं
पश्चिम	:	सुरेन्द्रनगर जिले के लिम्बडी तालुका में धीरजगढ़, पारेली, मुलबावला, राणागढ़ और नानीकाथेची गांव की सीमाएं

उपाबंध II

निर्देशांकों के साथ प्रस्तावित पारिस्थितिकीय संवेदी जोन का मानचित्र



पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के चारों ओर राष्ट्रीय पक्षी अभयारण्य के अक्षांश और देशांतर

नाम	अक्षांश	देशांतर
क	72° 5' 35.460" पूर्वी	22° 52' 9.002" उत्तरी
ख	72° 9' 26.750" पूर्वी	22° 46' 20.325" उत्तरी
ग	72°10' 13.095" पूर्वी	22° 43' 4.014" उत्तरी
घ	72° 11' 32.077" पूर्वी	22° 39' 17.523" उत्तरी
ड.	72° 9' 9.761" पूर्वी	22° 37' 3..924" उत्तरी
च	72° 4' 4.644" पूर्वी	22° 35' 26.930" उत्तरी
छ	71° 57' 1.774" पूर्वी	22° 40' 51.915" उत्तरी
ज	71° 56' 41.046" पूर्वी	22° 46' 26.290" उत्तरी
झ	71° 55' 58.085" पूर्वी	22° 49' 23.093" उत्तरी
ञ	71° 57' 32.868" पूर्वी	22° 54' 22.357" उत्तरी
ट	72° 0' 29.762" पूर्वी	23° 0' 10.393" उत्तरी
ठ	72° 2' 4.092" पूर्वी	22° 54' 33.631" उत्तरी

उपाबंध-III

प्रस्तावित पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर ग्रामों की सूची

क्र.सं.	गांव का नाम	तालुका/जिला	अक्षांश	देशांतर
1.	शियाल	बावला, अहमदाबाद	22°41'10.228" उत्तरी	72°9'29.439" पूर्वी
2.	धरजी (दुरगी)	बावला, अहमदाबाद	22°46'51.831" उत्तरी	72°6'0.511" पूर्वी
3.	मेनी	बावला, अहमदाबाद	22°48'15.225" उत्तरी	72°5'4.261" पूर्वी
4.	वेकरिया	विरमगम, अहमदाबाद	22°49'97.56" उत्तरी	72°3'51.990" पूर्वी
5.	काएला	विरमगम, अहमदाबाद	22°50'37.344" उत्तरी	72°3'42.899" पूर्वी
6.	मोती किशोल	विरमगम, अहमदाबाद	22°50'58.752" उत्तरी	72°2'21.257" पूर्वी
7.	शाहपुर	विरमगम, अहमदाबाद	22°52'4.463" उत्तरी	72°1'10.888" पूर्वी
8.	दिग्विजयगढ़	लिमडी, सुरेन्द्रनगर	22°41'25.643" उत्तरी	72°4'47.729" पूर्वी
9.	धीरजगढ़	लिमडी, सुरेन्द्रनगर	22°42'8.181" उत्तरी	72°0'33.275" पूर्वी
10.	पराली	लिमडी, सुरेन्द्रनगर	22°42'13.782" उत्तरी	71°58'15.953" पूर्वी
11.	मूल बावला	लिमडी, सुरेन्द्रनगर	22°44'12.554" उत्तरी	71°56'19.566" पूर्वी
12.	राणागढ़	लिमडी, सुरेन्द्रनगर	22°46'27.113" उत्तरी	71°59'26.656" पूर्वी
13.	नानी काथेची	लिमडी, सुरेन्द्रनगर	22°50'52.526" उत्तरी	71°59'22.441" पूर्वी
14.	वेदेखन	लखातर, सुरेन्द्रनगर	22°49'32.750" उत्तरी	71°57'26.324" पूर्वी
15.	मीठापुर	बावला, अहमदाबाद	22°36' 53.509" उत्तरी	72°7' 28.733" पूर्वी
16.	कालीवेजी	बावला, अहमदाबाद	22°39' 24.633" उत्तरी	72°7' 39.324" पूर्वी
17.	देवलथल	बावला, अहमदाबाद	22°46' 29.869" उत्तरी	72°7' 26.336" पूर्वी
18.	अनियाली	सानान्द, अहमदाबाद	22°49' 35.237" उत्तरी	72°6' 5.533" पूर्वी
19.	मोती काथेची	लिमडी, सुरेन्द्रनगर	22°53' 34.856" उत्तरी	71°59' 27.589" पूर्वी
20.	वडाला	लखातर, सुरेन्द्रनगर	22°54' 22.357" उत्तरी	71°57' 32.868" पूर्वी
21.	कल्याणपुरा	लखातर, सुरेन्द्रनगर	22°58' 22.862" उत्तरी	71°00' 32.481" पूर्वी
22.	गंगद	लखातर, सुरेन्द्रनगर	22°56' 22.939" उत्तरी	71°58' 32.245" पूर्वी

नलसरोवर पक्षी अभ्यारण्य, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के अंतर्गत प्रस्तावित ह्रासमान ग्रामों का वितृत वर्णन

क्र. सं.	ग्रामों का नाम	तालुक/जिला	सर्वेक्षण संख्या (कुल)	क्षेत्र (हेक्टेयर में)				टिप्पणी
				वन	गैर-वन	सरकारी बंजर भूमि	कुल	
					निजी भूमि क्षेत्र	गऊचर		
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**
1	मीठापुर	बावला/अहमदाबाद	1160	0.00	4975.75	0.00	4975.75	अहमदाबाद जिला
2	कलीवेजी	बावला/अहमदाबाद	352	0.00	1620.72	1319.08	2939.8	
3	शीयल	बावला/अहमदाबाद	794	0.00	2098.26	7256.53	9354.79	
4	देवस्थल	बावला/अहमदाबाद	381	0.00	1494.99	332.45	1827.44	
5	धरजी (दुर्गा)	बावला/अहमदाबाद	324	0.00	2108.73	0.00	2108.73	
6	मैनी	बावला/अहमदाबाद	335	0.00	1824.86	56.76	1881.62	
7	अनीयली	सानंद/अहमदाबाद	224	0.00	967.32	1.07	968.39	
8	वेकरिया	वीरमगम/अहमदाबाद	882	0.00	903.84	108.01	1011.85	
9	कयला	वीरमगम/अहमदाबाद	296	0.00	1187.35	611.57	1798.92	
10	मोतीकीशोल	वीरमगम/अहमदाबाद	507	0.00	792.78	0.00	792.78	
11	शाहपुर	वीरमगम/अहमदाबाद	808	0.00	3725.59	213.88	3939.47	
12	दीगविजयगढ	लीमदी/सुरेन्द्रनगर	152	0.00	1542.65	0.00	1542.65	सुरेन्द्रनगर जिला
13	धीरजगढ	लीमदी/सुरेन्द्रनगर	74	0.00	1633.10	0.00	1633.1	
14	पाराली	लीमदी/सुरेन्द्रनगर	512	0.00	1461.91	2374.52	3836.43	
15	मुलबावला	लीमदी/सुरेन्द्रनगर	457	0.00	1502.67	0.00	1502.67	
16	रानागढ	लीमदी/सुरेन्द्रनगर	1357	0.00	2017.71	50.00	2067.71	
17	नानीकथेची	लीमदी/सुरेन्द्रनगर	554	0.00	814.59	0.00	814.59	
18	मोतीकथेची	लीमदी/सुरेन्द्रनगर	573	0.00	1485.80	4083.29	5569.09	
19	वदेखान	लाखातर/सुरेन्द्रनगर	260	0.00	798.22	5348.96	6147.18	
20	वाडला	लाखातर/सुरेन्द्रनगर	602	162.34	1189.22	3233.36	4584.92	
21	कल्याणपुर	लाखातर/सुरेन्द्रनगर	240	196.31	434.38	5226.54	5857.23	
22	गंगाड	लाखातर/सुरेन्द्रनगर	393	0.00	796.38	0.00	796.38	
			योग	**358.65**	**35376.82**	**30216.02**	**65951.49**	

उपाबंध-IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति— की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान -

1. बैठकों की संख्या और तिथि।
2. बैठकों के कार्यवृत्त: उल्लेखनीय बिन्दुओं का उल्लेख करें अलग उपाबंध पर बैठकों के कार्यवृत्त संलग्न करें।
3. पर्यटन मास्टर प्लान सहित जोनल मास्टर प्लान की तैयारी की स्थिति।
4. भूमि अभिलेख के ऊपर स्पष्ट त्रुटि के संशोधन हेतु निस्तारित मामलों का सारांश उपाबंध के रूप में विवरण संलग्न किए जाएं।
5. पर्यावरण प्रभाव निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अंतर्गत शामिल कार्यकलापों के लिए जांच किए गए मामलों का सारांश। उपाबंध के रूप में अलग से विवरण संलग्न किए जाएं।
6. पर्यावरण प्रभाव निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अंतर्गत शामिल न किए गए कार्यकलापों के लिए जांच किए गए मामलों का सारांश।
   उपाबंध के रूप में अलग से विवरण संलग्न किए जाएं।

7. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अंतर्गत दर्ज की गई शिकायतों का सारांश।

8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 7th December, 2015

S.O. 3341(E).—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the Public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110 003, or send it to the e-mail address of the Ministry at esz-mef@nic.in

Draft Notification

Whereas, Nalsarovar Bird Sanctuary is located in Ahmedabad and Surendranagar districts of Gujarat and is spread over an area of 120 square kilometer;

And whereas, the sanctuary is one of the largest natural wetlands in the country the extent of which varies depending upon the rainfall and which has maximum depth of about 1.5 - 2.0 meters when flooded;

And whereas, the sanctuary receives water mainly from two rivers viz. Brahmini and Bhogavo and also recives rain water from a catchment area spread over 3000 square kilometers comprising of Kalol Taluka of Gandhinagar district, Kadi Taluka of Mehsana district and Sanand, Viramgam and Bavla Taluka of Ahmedabad district and Lakhtar and Limdi Taluka of Surendranagar district;

And whereas, the Nalsarovar sanctuary has varied habitat types viz. open water areas, marshes, reed-beds and islands - there are more than 300 islands in the sanctuary which get exposed when water level recedes;

And whereas, due to wide variety of habitats the Nalsarovar Sanctuary harbours 226 bird species, 20 species of fish and 13 species of mammals including globally threatened species of birds and mammals such as Sarus crane, Indian Skimmer, Asiatic Wild Ass and Wolf;

And whereas, the sanctuary has rich aquatic flora with nearly 50 species of algae and over 72 types of flowering plants;

